दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, रविवार 09 जून 2019
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# रफ्तार के लिए

भारतीय रिजर्व बैंक का लगातार तीसरी बार चौथाई फीसदी ब्याज दरें घटाना एक पैकेज के हिस्से की तरह आया है। अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करना एनडीए सरकार-2 के अजेंडे में सबसे ऊपर है। पिछले दो-तीन वर्षों में पैदा हुई आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए बुधवार को दो कैबिनेट समितियों का गठन किया गया, जिनके अध्यक्ष स्वयं प्रधानमंत्री होंगे। पहली समिति विकास दर और निवेश बढ़ाने पर काम करेगी, दूसरी रोजगार और कौशल विकास पर। इन उद्देश्यों के लिए कैबिनेट समितियों का गठन संभवतः पहली बार ही किया गया है। नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल के उत्तरार्ध में इकॉनमी सुस्त पड़ी और समय बीतने के साथ यह रुझान बढ़ता ही गया। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट मात्र 5.8 फीसदी रही, जिसका असर पूरे वित्त वर्ष की विकास दर पर पड़ा है। 7.2 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले अंततः यह 6.8 प्रतिशत ही रही, जो पांच वर्षों में सबसे कम है। बेरोजगारी की स्थिति चिंताजनक है। चुनाव में मोदी सरकार को इसके लिए विपक्ष की आलोचना झेलनी पड़ी थी। मंत्रिमंडल गठन के दूसरे ही दिन श्रम मंत्रालय द्वारा जारी बेरोजगारी के आंकड़ों के मुताबिक देश में 2017-18 में बेरोजगारी दर 6.1 प्रतिशत रही, जो 45 साल में सबसे ज्यादा है। यह आंकड़ा नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) की जनवरी में लीक हुई रिपोर्ट में भी बताया गया था लेकिन तब नीति आयोग ने रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में ऋणात्मक 0.1 प्रतिशत हो गई, जबकि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की वृद्धि दर भी गिरकर 3.1 प्रतिशत पर आ गई। जाहिर है, चुनौतियां काफी बड़ी हैं। प्रधानमंत्री की अगुआई में इन दोनों समितियों को प्रो-एक्टिव होकर कई सारे छोटे-बड़े फैसले करने होंगे। रिजर्व बैंक और आर्थिक विशेषज्ञ शुरू से ही कहते रहे हैं कि निवेश, कारोबार, रोजगार आदि के मामलों को मौद्रिक नीति के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इन्हें बढ़ाने का जिम्मा सरकार को ही लेना होगा। रिजर्व बैंक ने विपरीत परिस्थितियों में लगातार तीसरी बार ब्याज दरों में कटौती सरकार की तत्परता को देखकर ही की है। यह फैसला उसने ऐसे समय में किया है जब बाजार में सस्ते कर्ज की मौजूदगी कुछ बड़ी समस्याओं की वजह भी बन सकती है। मसलन, मुद्रास्फीति को निर्धारित करने वाले दो सबसे महत्वपूर्ण कारक खाद्यान्न और ईंधन अभी जोखिम और अनिश्चितता के दायरे में हैं। मॉनसून कम से कम एक हफ्ते के विलंब से आ रहा है और ईरान से तेल आवक पूरी तरह रुक जाने पर भारत में तेल कीमतें क्या रंग पकड़ेंगी, यह स्पष्ट नहीं है। इसके बावजूद रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को रफ्तार पकड़ाने के लिए ब्याज दरें घटाने का फैसला किया है, जो तभी हो पाएगा जब बैंकों की ओर से सस्ते कर्ज का फायदा निवेशकों और ग्राहकों को मिले, पहले की तरह इसका फायदा वे खुद ही न उठाते रहें।

# 5जी परीक्षणः डीओटी गृह मंत्रालय और पीएमओ से सलाह के बाद देगा मंजूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) चीनी दूरसंचार दिग्गज हुआवेई को आगामी 5जी स्पेक्ट्रम आधारित फील्ड परीक्षण के लिए पहले गृह मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के साथ परामर्श करेगा और उसके बाद ही मंजूरी देगा। आधिकारिक सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा, यह एक सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है जो केवल दूरसंचार या प्रौद्योगिकी नहीं है, गृह मंत्रालय को भी लूप में रहना होगा और पीएमओ को भी, जिनके विचार देश की सुरक्षा से संबंधित मामलों पर बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, इस तरह के निर्णय उचित परामर्श के साथ किए जाएंगे। हमें दुनिया भर में यह भी देखना होगा कि हुआवेई जहां भी काम कर रही है, सरकार द्वारा इस मुद्दे को कैसे संभाला गया है। यह सिर्फ एक उपकरण की आपूर्ति की तुलना में एक बड़ा मुद्दा है। सरकार ने 5जी परीक्षणों में हुआवेई की भागीदारी पर फैसला करने के लिए प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। सूत्र के मुताबिक, इस मुद्दे पर समग्र दृष्टिकोण लेने के लिए समिति की सिफारिशों को गृह मंत्रालय और पीएमओ के पास भेजा जाएगा।




नए दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हाल में कहा था, जहां तक 5जी का सवाल है। यह केवल तकनीक से जुड़ा मामला नहीं है। इसमें सुरक्षा से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा था, 5जी परीक्षण में किसी किसी विशेष कंपनी को भाग लेने की अनुमति है या नहीं, इसमें सुरक्षा मुद्दे भी शामिल है और यह एक जटिल प्रश्न है। हुआवेई ने मंत्रालय से स्पष्टता की मांग की है कि क्या उसे दूरसंचार ऑपरेटर के साथ फील्ड परीक्षण में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। पिछले साल अक्टूबर में शेनजेन की कंपनी हुआवेई ने कहा था कि उसे डीओटी द्वारा 5जी परीक्षणों पर चर्चा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। हालांकि एक अन्य प्रमुख चीनी कंपनी जेडटीई को आमंत्रित नहीं किया गया था। जिन तीन उपकरण विक्रेताओं को पैनल से हरी झंडी मिली है, वे सैमसंग, नोकिया और एरिक्सन हैं। परीक्षणों के लिए, जियो ने सैमसंग, एयरटेल ने नोकिया और वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने एरिक्सन के साथ भागीदारी की है।

## विश्व कपः न्यूजीलैंड के सामने अफगानी चुनौती

**टॉनटन (आरएनएस)।** आईसीसी विश्व कप-2019 में आज अफगानिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से होगा। न्यूजीलैंड ने अपने दोनों मैच जीते हैं तो वहीं छुपा रुस्तम का तमगा लेकर विश्व कप में आई अफगानिस्तान अपने शुरुआती दोनों मैच हार चुकी है। अब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत का खाता खोलने के लिए उतारू होगी।

## डिफॉल्टरों पर आरबीआई का शिकंजा, 30 दिन में होगी खाते की समीक्षा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** फंसे लोन की समस्या के हल के लिए आरबीआई ने नया सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर में लिखा गया कि अगर बैंक को जरा सा भी अहसास हो कि उनका कर्ज फंस सकता है तो वे तुरंत इसकी रिपोर्टिंग करें। साथ ही लेंडर्स को सेंट्रल रिपॉजिटरी ऑफ इन्फर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिट्स सीआरआईएलसी को कर्ज की सूचना देनी चाहिए। यह नियम 5 करोड़ रुपये या उससे अधिकर की रकम के कर्जदारों पर ही लागू होगा।

सर्कुलर में बैंकों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी कर्जधारक के डिफॉल्ट करने के 30 दिन में उसके खाते की समीक्षा शुरू की जाए। पुराने सर्कुलर के मुताबिक डिफॉल्ट होने के एक दिन में ही बैंकों को रिव्यू शुरू करना होता था। समीक्षा अवधि के दौरान कर्जदाता रेजोल्यूशन प्लान की रणनीति तय कर सकेंगे। प्लान लागू किया जाता है तो सभी कर्जदाताओं को इंटर-क्रेडिटर एग्रीमेंट (आईसीए) करना होगा।



नए सर्कुलर के मुताबिक रेजोल्यूशन प्लान के लिए अब कुल लोन की 75प्रतिशत वैल्यू वाले कर्जदाताओं की मंजूरी जरूरी होगी। पहले सभी कर्जदाताओं की मंजूरी लेनी होती थी। समीक्षा अवधि से 180 दिन में रेजोल्यूशन प्लान लागू नहीं होता है तो आरबीआई बैंकों से 20प्रतिशत अतिरिक्त प्रोविजनिंग के लिए कहेगा। 365 दिन में रेजोल्यूशन प्लान लागू नहीं होने पर 35प्रतिशत अतिरिक्त प्रोविजनिंग करनी होगी।

## क्रिप्टोकरेंसी से निपटने बनेगा कानून, 10 साल जेल का प्रस्ताव

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** क्रिप्टोकरेंसी जैसे बिटकॉयन को रखने, बेचने या खरीदने पर आपको 10 सालों की जेल की सजा हो सकती है। क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध और नियमन आधिकारिक डिजिटल करेंसी विधेयक 2019 के मसौदे में क्रिप्टोकरेंसी की माइनिंग, जेनरेट, रखने, बेचने, हस्तांतरित, नष्ट करने, जारी करने और सौदा करने में लिप्त व्यक्ति को 10 साल जेल का प्रस्ताव दिया गया है।

इसे पूरी तरह से अवैध बनाने के अलावा विधेयक में क्रिप्टोकरेंसी रखने को गैर-जमानती अपराध बनाया गया है। क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या वर्चुअल करेंसी होती है, जो सुरक्षा के क्रिप्टोग्राफी का प्रयोग करती है और सामान्यतः ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी पर आधारित होती है। बिटकॉयन दुनिया में सबसे प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी है। क्रिप्टोकरेंसी का धनशोधन में दुरुपयोग होने की उच्च संभावना को देखते हुए विभिन्न सरकारी निकायों जैसे आयकर विभाग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर सीमा शुल्क विभाग (सीबीआईसी) ने क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग पिछले कुछ समय से क्रिप्टोकरेंसी को प्रतिबंधित करने के विधेयक के मसौदे पर काम कर रहे हैं। एक तरफ सरकार जहां क्रिप्टोकरेंसी पर जल्द ही प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रही है, वहीं भारत की खुद की डिजिटल करेंसी लांच करने की भी तैयारियां चल रही हैं। एक अधिकारी ने बताया, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से परामर्श करने के बाद डिजिटल रुपये को लांच करने का निर्णय लिया जाएगा।



## धोनी के दस्तानों पर सेना के चिन्ह की अनुमति नहीं दे सकतेः आईसीसी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** महेंद्र सिंह धोनी के विकेटकीपिंग दस्तानों पर सेना के चिन्ह के बने रहने की भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अपील को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने खारिज कर दिया है। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि आईसीसी ने साफ कर दिया है कि वह दस्तानों पर बलिदान बैज को बनाए रखने की अनुमति नहीं दे सकती।

## आईसीसी ने खारिज की बीसीसीआई की अपील

International Cricket Council

**दुबई (आरएनएस)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महेंद्र सिंह धोनी के विकेटकीपिंग दस्तानों पर सेना के चिन्ह के बने रहने की भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अपील को सिरे से खारिज कर दिया है। आईसीसी ने शुक्रवार देर रात एक बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी। आईसीसी ने अपने बयान में साफ कर दिया है कि वह धोनी को दस्तानों पर बलिदान बैज बनाए रखने की अनुमति नहीं दे सकती क्योंकि ऐसा करना उसके नियमों के खिलाफ है। आईसीसी ने अपने बयान में कहा, आईसीसी टूर्नामेंट्स के नियम किसी भी तरह के व्यक्तिगत संदेश और लोगो को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैचों में किसी भी वस्तु अथवा कपड़ों पर लिखने या चिपकाने की अनुमति नहीं देते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए वह लोगो धारण करना नियमों के खिलाफ है।

## आरबीआई ने तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान को नया परिपत्र जारी किया

**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों की तनावग्रस्त परिसंपत्तियों का संशोधित फेमवर्क जारी किया। इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने अप्रैल में शीर्ष बैंक द्वारा पहले जारी परिपत्र को खारिज कर दिया था, जिसमें 2000 करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज जिस दिन डिफाल्ट करता, उसकी दिन समाधान प्रक्रिया को शुरू करना अनिवार्य बनाया गया था।

नए परिपत्र के मुताबिक, अब कर्जदाता डिफाल्ट होने के 30 दिनों के अंदर तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के समाधान प्रक्रिया की शुरुआत कर सकेंगे। परिपत्र में कहा गया, सभी कर्जदाताओं को निश्चित परिसंपत्तियों के समाधान के लिए निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों को लागू करना चाहिए, जिसमें संकल्प के लिए समयसीमा भी शामिल है। आरबीआई ने कहा, चूंकि किसी भी कर्जदाता के साथ चूक वित्तीय उधारकर्ता द्वारा सामना किए गए वित्तीय तनाव का एक संकेतक है, यह उम्मीद की जाती है कि कर्जदाता डिफॉल्ट से पहले भी एक संकल्प योजना (आरपी) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।



## आज का राशिफल

मेषः- घर एवं बाहर आज दोनों जगह वाद-विवाद से बचें। सोच-समझकर कार्य व्यवहार करें। अनजाने में कही गई सही बात भी आपके लिए गलत हो सकती है, वाणी पर नियंत्रण रखें।

वृषभः- पराक्रम में वृद्धि के योग हैं। आज आपको अचानक धन लाभ होगा। किसी भी जगह की यात्रा मंगलमय रहेगी। कार्य पूर्ण होने के प्रबल आसार हैं।

मिथुनः- अचानक धन लाभ होगा। आज कोई नया प्रॉजेक्ट या योजना प्रारंभ करना शुभ रहेगा। आज आपकी वाणी से निकले शब्द कल्याणकारी रहेंगे।

कर्कः- सोचा हुआ कार्य आज पूर्ण होगा। यात्रा से निवेश में लाभ होगा। किसी भी कार्य को करेंगे, सिद्धि प्राप्त होगी। कुल मिलाकर शुभ दिन रहेगा। दांपत्य जीवन में प्रेम की अनुभूति होगी।

सिंहः- आज किसी को उधार न दें, धन व्यय के योग हैं। यात्रा में कष्ट एवं मानसिक तनाव रह सकता है। किसी भी कार्य के लिए घर से निकलने से पहले दान जरूर दें।

कन्याः- कार्यों में आने वाली बाधाएं स्वतः- दूर होंगी, शुभ समाचार मिलेगा। मनोबल बढ़ेगा एवं सर्वव्यापी लाभ के प्रबल संकेत हैं।

तुलाः- कर्म क्षेत्र में सफलता मिलेगी। घर में सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। नए संपर्क बनेंगे जो आगे जाकर आपको शुभ फल प्रदान करेंगे। वैचारिक दृढ़ता से आपके कार्य सफल बनेंगे।

वृश्चिकः- आज भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धार्मिक स्थल, अपने इष्ट, देवी-देवता के दर्शन से मनोकामना पूर्ण होगी।

धनुः- आज यात्रा में सावधानी बरतें, चोट-चपेट, वाद-विवाद की आशंका है, वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं। व्यर्थ तनाव और नकारात्मक विचारों से दूर रहें। निरर्थक धन खर्च हो सकता है।

मकरः- जीवनसाथी से सहयोग बढ़ेगा। अविवाहितों के लिए विवाह के प्रस्ताव आऐंगे। घर में कोई मांगलिक कार्य या उसकी तैयारी हो सकती है।

कुंभः- क्रोध पर नियंत्रण रखें तो शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। धन लाभ होगा और अचानक मिली किसी शुभ सूचना से मन प्रसन्न रहेगा।

मीनः- अपनी योग्यता के अनुसार समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। संतान सुख व यात्रा में सफलता मिलेगी। बुजुर्ग वर्ग और मित्रों की तरफ से आपको कुछ लाभ होगा।

## दही वाले आलू बनाने की विधि...



**सामग्री :**

ढाई कप छीले हुए छोटे-छोटे आलू, आधा टीस्पून जीरा, आधा टीस्पून राई, आधा टीस्पून कलौंजी, आधा टीस्पून सौंफ, एक चौथाई टीस्पून हींग, दो तेजपत्ता, तीन लौंग, दो टुकड़े दालचीनी, तीन से चार करी पत्ते, एक हरी मिर्च चीरी हुई, दो टीस्पून पिसी हुई लाल मिर्च, डेढ़ टीस्पून, धनिया-जीरे का पाउडर, एक चौथाई टीस्पून हल्दी, एक कप दही फेंटा हुआ, दो टेबलस्पून घी, नमक स्वाद के अनुसार।

**सजाने के लिए**-दो से तीन टेबलस्पून बारीक कटी हरी धनिया।

**विधि :**

एक बर्तन में घी को गरम कीजिए और उसमें जीरा, राई, कलौंजी, सौंफ और हींग डालिए। जब मसाले चटखने लगें तब तेजपत्ता, लौंग, दालचीनी, करी पत्ता और हरी मिर्च डालिए और कुछ सेकंड तक भूनिए।आलू, पिसी हुई लाल मिर्च, धनिया-जीरे का पाउडर, हल्दी और नमक डालिए और भूनिए जब तक मसाले आलू को समान रूप से ढक नहीं देते।आधा कप पानी डालिए और उफान के आने तक गरम कीजिए।दही डालिए और लगातार चलाते हुए एक उफान तक उबालिए जिससे ग्रेवी अलग न हो जाए। हरी धनिया से सजाइए।


## शब्द सामर्थ्य- 89

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 88 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू-दोकू- 89

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.88का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |